A

SAMAGRA SHIKSHA, KERALA

SECOND TERM-END EVALUATION - 2019-20

Third Language
HINDI

STD. IX

Time : 90 minutes
Score : 40

निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'दीप जलाओ' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें।

ये अनंत के लघु लघु तारे
दुर्बल अपनी ज्योति पसारे
अंधकार से कभी न हारे
प्रतिमन यही लगन सरसाओ।

1. तारे कैसे दिखते हैं? 1

   (क) दुर्बल (ख) अंधकार
   (ग) लघु (घ) प्रतिमन

2. इनमें **संज्ञा** शब्द कौन-सा है? 1

   (क) सरसाओ (ख) अपनी
   (ग) ज्योति (घ) पसारे

3. कवि और कविता का परिचय देते हुए उपर्युक्त पंक्तियों का **आशय** लिखें। 4

सूचना : 'जिस गली में मैं रहता हूँ' डायरी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 4 से 7 तक के उत्तर लिखें।

घरों में खाने-पीने का जितना सामान था, धीरे-धीरे खत्म होने लगा। पानी की बड़ी दिक्कत थी। लोग बड़ी सावधानी से आहिस्ता-आहिस्ता उस पानी को पी रहे थे, लेकिन आखिरकार वे घड़े भी खाली हो गए।

4. गली में बंद लोगों को पानी की बड़ी दिक्कत थी। क्यों? 1

   (क) गली में कोई घड़ा नहीं था। (ख) गली में कोई बर्तन नहीं था।
   (ग) गली में कोई कुआँ नहीं था। (घ) गली में कोई बाल्टी नहीं थी।

5. अंग्रेज़ों के डर से लोगों ने गली का दरवाज़ा बंद किया। इससे लोगों को क्या परेशानी हुई? 1

(क) घरों के बच्चे खेल न सके। (ख) घरों के अंदर अंग्रेज़ आए।

(ग) घरों के लोग सो न सके। (घ) घरों के खाने-पीने का सामान समाप्त हुआ।

6. कोष्ठक के शब्दों से पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(गली का, परेशान)



7. संकेतों की सहायता से **समाचार** तैयार करें। 4

- दिल्ली में अंग्रेज़ों का अत्याचार
- सीधे-सादे लोगों की हत्या
- आग लगाने से घरों का नाश
- लोगों की भगदड़

अथवा

मान लें, अंग्रेज़ों के अत्याचारों का विवरण देते हुए गालिब अपने मित्र मेरठ के हरिगोपाल 'तुफ्ता' के नाम पत्र लिखते हैं। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें।

सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 8 से 10 के उत्तर लिखें।

> फिर, एक दिन एकाएक वह गाड़ीवाला दिखाई दिया। पक्षी को बड़ी खुशी हुई उसने पुकारकर कहा, "गाड़ीवाले! ओ गाड़ीवाले! मैं कब से तुम्हारा इंतज़ार कर रहा था।
>
> पहचानी आवाज़ सुनकर गाड़ीवाला रुक गया। तब पक्षी ने कहा, "देखो, मैंने कितनी सारी दीमकें जमा कर ली हैं।"
>
> गाड़ीवाले को पक्षी की बात समझ में नहीं आई। उसने सिर्फ इतना कहा, "तो मैं क्या करूँ।"

8. '**उसने**' में निहित सर्वनाम चुनकर लिखें। 1

(क) वे (ख) यह (ग) वह (घ) ये

9. पक्षी पंख देकर दीमकें खरीदता रहा। अंत में पक्षी के सारे पंख नष्ट हो गए। पक्षी के इस व्यवहार पर अपना विचार लिखें। 2

10. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

सूचना : 'गांधीजी गांधीजी कैसे बने' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 11 से 14 तक के उत्तर लिखें।

> आपके देश के अधिकांश लोग गरीब हों तो आपको फिज़ूलखर्ची और दिखावा नहीं करना चाहिए। अगर आप सचमुच अपने देश और देशवासियों से प्यार करते हैं तो आपको कम से कम में काम चलाना चाहिए और सादगी का महत्व समझना चाहिए।

11. इनमें '**सचमुच**' का मतलब है? 1

(क) विचार में (ख) तुलना में (ग) वास्तव में (घ) क्रम में

12. 'गरीब लोग' में '**गरीब**' शब्द क्या है? 1

(क) संज्ञा (ख) विशेषण (ग) क्रिया (घ) कर्म

13. **सही** वाक्य कौन-सा है? 1

(क) औरत कपड़ा धोता है। (ख) औरत कपड़ा धोते हैं।
(ग) औरत कपड़ा धोती है। (घ) औरत कपड़ा धोती हैं।

14. गाँधीजी के विचार में हमें कम से कम में काम चलाना है। क्यों? 2

सूचना : 'नंगे पैर' कहानी का यह अंश पढ़कर प्रश्न 15 से 18 तक के उत्तर लिखें

> बेबी ने टोका, "अजी, तुमने होली का उपहार नहीं माँगा।" पोस्टमैन ने कहा, "माँगूँ। बहिनजी, साहब से भेंट नहीं हो रही है।" यह सुनते-सुनते बेबी ने पोस्टमैन के हाथ में जूते का बंडल थमा दिया। अचरज से सकपकाकर उसने बंडल खोला। भीतर एक जोड़ी सुंदर जूते थे। पोस्टमैन मन ही मन कह उठा, "इस बच्ची ने तो मुझ नंगे पैर को जूते दिए। उसके पैर नहीं हैं, वो मैं कैसे दे सकूँगा?"

15. बेबी ने पोस्टमैन को उपहार के रूप में जूते दिए। क्यों? 1

(क) पोस्टमैन ने जूते माँगे थे। (ख) पोस्टमैन नंगे पैर चलता था।
(ग) पिताजी ने जूते देने को कहा था। (घ) उनके जूते खराब थे।

16. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें। 1

पोस्टमैन कमरे में जाएगा।	बच्ची कमरे में जाएगी।
पोस्टमैन कमरे में सोएगा।	बच्ची कमरे में ....।

17. 'उसके पैर नहीं हैं, वो मैं कैसे दे सकूँगा' -पोस्टमैन के ऐसे सोचने का कारण क्या है? 2

18. बेबी ने पोस्टमैन को जूते दिए। पोस्टमैन को बहुत आश्चर्य हुआ। उसने अपने विचारों को डायरी में लिखा। पोस्टमैन की संभावित **डायरी** लिखें। 4

अथवा

इस कहानी के लिए 'नंगे पैर' शीर्षक कहाँ तक सार्थक है? अपना मत स्पष्ट करते हुए **टिप्पणी** लिखें।

- एक ही पैरवाली बेबी
- दोनों की आपसी सहानुभूति
- बिना चप्पल का पोस्टमैन
- शीर्षक और आशय का संबंध

सूचना : 'तूफ़ानों की ओर घुमा दो' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 19 से 21 तक के उत्तर लिखें।

सागर की अपनी क्षमता है
पर मांझी भी कब थकता है
जब तक साँसों में स्पंदन है
उसका हाथ नहीं रुकता है
इसके ही बल पर कर डाले
सातों सागर पार

19. इसमें '**समुद्र**' का समानार्थी शब्द कौन-सा है? 1

(क) साँस (ख) मांझी (ग) सागर (घ) [illegible]

20. समान आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 1

मानव अंतिम साँस तक समस्याओं से लड़ते रहते हैं।

21. आशय समझें, सही मिलान करें। 4

सातों सागर पार कर डाले	चलता रहता है।
नहीं रुकता है	कमज़ोर नहीं होता है।
साँसों में स्पंदन है	कठिनाइयों से गुज़रकर आगे चले।
कब थकता है	जीवित रहता है।